## मानस भवन के बगल में स्थित डंपिंग यार्ड में ही फूंक दिया गया कचरा

### पूर्व निगम आयुक्त ने दिया था 10 मार्च तक इसे शहर से बाहर स्थापित करने के निर्देश



जागरण, रीवा

नगर निगम क्षेत्र से कचरा संग्रह कर उसे वेस्ट टू एनर्जी प्लांट पहड़िया तक पहुंचाने के बजाय उसे डंपिंग यार्ड में ही जलाया जाकर समाप्त किया जा रहा है और नगर निगम से इसके लिए पूरे पैसे वसूले जा रहे हैं। मानस भवन के बगल में स्थित डंपिंग यार्ड में एक बार फिर से कचरा वहीं पर जला दिया गया और इसे दुर्घटना का नाम दे दिया गया। तात्कालीन निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा लोगों की मांग पर पिछले माह इसे शहर के बाहर स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया था लेकिन उनके आदेश का पालन नहीं किया गया। घर-घर कचरा संग्रह कर उसे मानस भवन के बगल में स्थित डंपिंग यार्ड में एकत्र किया जाता है ताकि उसे पहड़िया प्लांट पहुंच कर उसे बिजली का निर्माण किया जा सके लेकिन रैमकी कंपनी उसे डंपिंग यार्ड में ही फूंके दे रही है और पहड़िया में उत्तर प्रदेश और बिहार से नियम विरुद्ध कचरा लाकर बिजली का निर्माण किया जा रहा है। यह अंधेर लंबे समय से चल रही है। नगर निगम आयुक्त सहित जिले के तमाम प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कंपनी को इसके लिए समय-समय पर फटकार लगाई गई, सख्त निर्देश दिए गए कि बाहर से कचरा नहीं लाया जाए लेकिन उक्त कंपनी ने आज तक किसी ही प्रशासनिक अधिकारी के निर्देश का पालन नहीं किया। इस मामले में वह अपने मनमर्जी चल रही है।

नगर निगम के सहयोग से पहड़िया में वेस्ट तू एनर्जी प्लांट की स्थापना इसलिए की गई थी ताकि रीवा नगर निगम सहित संभाग के 28 निकायों का कचरा संग्रह कर उससे बिजली का निर्माण किया जा सके लेकिन उक्त कंपनी यहां से जो भी कचरा पहड़िया पहुंचाया जाता है वह वहीं पर डंप कर दिया जाता है। इस मामले में तत्कालीन निगम आयुक्त द्वारा पहड़िया प्लांट का कई बार निरीक्षण किया गया और वहां पर डंप कचरा का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए लेकिन उनके निर्देशन का पालन नहीं किया गया। इसके अलावा पहड़िया प्लांट परिसर में शर्तों के मुताबिक ना तो वृक्षारोपण किया गया है और ना ही कचरे का लीचेड रोकने के लिए तालाब का निर्माण ही किया गया है। कंपनी की इस लापरवाही का दुष्परिणाम आसपास के दर्जनों गांवों को भुगतना पड़ रहा है। कंपनी द्वारा डंपिंग यार्ड में आए दिन कचरा चलाया जाता है और बाद में इसे दुर्घटना का रूप दे दिया जाता है। डंपिंग यार्ड के अलावा लाड़ली लक्ष्मी पथ पर बीहर नदी किनारे भी लगातार कचरा जलाया जा रहा है। इसी लापरवाही के चलते पिछले साल बगल में स्थित सैनिक स्कूल के जंगल में भी आग लग चुकी है, लेकिन कंपनी को इसकी कतई परवाह नहीं है।

### रीवा को कई राज्यों के कचरे का हब बनाने पर तुली रैमकी कंपनी

जिला प्रशासन के आदेशों के बाद भी अनुबंध के विपरीत अन्य प्रदेशों से लगातार अवैध रूप से कचरा लाने को लेकर पहड़िया स्थित रैमकी कंपनी द्वारा संचालित रीवा एमएसडब्ल्यू कचरा प्लांट सवालों के घेरे में है। रैमकी कंपनी रीवा को कई राज्यों के कचरे का हब बनाने पर तुली हुई है। स्थानीय ग्रामीणों के लगातार विरोध, प्रशासनिक रोक, जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बावजूद बनारस व प्रयागराज सहित कई राज्यों से अवैध कचरा (आरडीएफ) आने का सिलसिला नहीं रुक रहा है। शासन, प्रशासन, कलेक्टर से लेकर कमिश्नर और महापौर तक सभी ने बाहरी कचरे पर रोक के आदेश जारी किए, लेकिन इसका कोई असर नहीं दिख रहा है। प्रतिदिन बिना नंबर की दर्जनों गाड़ियां आरडीएफ बाहर से आ रहा है। गांव वालों का आरोप है कि रोक के आदेश सिर्फ कागज़ों में सीमित हैं, जबकि यूपी से रोज़ाना बिना नंबर प्लेट और बिना वैध दस्तावेजों के ट्रकों में कचरा लाया जा रहा है।

## लोडिंग चार्ज के नाम पर वाहन चालकों से वसूली, नगर निगम का बता रहे ठेका

### ऑटो सहित अन्य वाहन चालकों से शहर के प्रवेश मार्गों पर काटी जा रही रसीद



**जागरण, रीवा।** लोडिंग चार्ज के नाम पर शहर में प्रवेश करने वाले ऑटो, रिक्शा, जीप, लोडिंग वाहन, ट्रैक्टर, छोटा हाथी, ओवरलोड वाहन चालकों से वसूली की जा रही है। वसूली करने वाले इसे नगर निगम की वसूली बता रहे हैं, जिन्होंने ठेकेदार का नाम सुरेश द्विवेदी बताया। शहर के चोरहटा, रतहरा, बड़ी पुल, गुढ़ चौराहा, ढेकहा बीड़ा मोड़, सिरमौर चौराहा सहित अन्य क्षेत्रों में ठेकेदार के कर्मचारी वाहन चालकों से वसूली कर रहे हैं। वसूली करने वाले वाहन चालकों को जो रसीद दे रहे हैं, उनमें पूर्व में ऑटो, रिक्शा चालकों जो रसीद दी जाती थी उसमें 5 रुपए शुल्क अंकित था, किन्तु 5 रुपए के स्थान पर उनसे 10 रुपए वसूले जा रहे थे। दैनिक जागरण ने जब इस धांधली को उजागर किया तो नई रसीद छप गई, जिसमें से शुल्क का कॉलम नदारद कर दिया गया। अब ऑटो, रिक्शा चालकों से 20 रुपए वसूले जा रहे हैं। वसूली कर्मचारी से जब अन्य वाहनों से कितनी वसूली की जाती है। पूछा गया तो उसने बताया कि वाहन का लोड देखकर पचास, सौ, दो सौ, चार सौ, जबकि उस कर्मचारी के साथ उपस्थित दूसरा कर्मचारी बोला कि नहीं इतनी राशि नहीं वसूलते हैं। लोडिंग चार्ज के नाम पर ठगे जा रहे वाहन चालकों से इस संबंध में बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि सवारी बैठी रहती है, कहीं माल पहुंचाना है, ऐसे में इनसे बहस कौन करे, जो राशि मांगते हैं दे देते हैं, ये तो निगम सहित सरकारी विभागों को देखना चाहिए कि वाहन चालकों से निगम द्वारा काहे का शुल्क वसूला जा रहा है, इन्हें भी राशि देना पड़ रही है और पार्किंग में जाते हैं वहां पर भी उनसे राशि वसूली जाती है। अन्य जिलों में इस प्रकार की कोई वसूली देखने को नहीं मिली, सिर्फ यहीं पर लोडिंग चार्ज वसूला जा रहा है।

## जिले में 7 दिन में मात्र 1710 लोगों ने की स्वगणना, इनमें 597 ने प्रक्रिया अधूरी छोड़ी

● पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन सुविधा, घर बैठे दे सकते हैं पूरी जानकारी और यह जरूरी भी

**जागरण, रीवा।** जनगणना पोर्टल पर स्वगणना की जो ऑनलाइन सुविधा मुहैया कराई गई है, उसका 7 दिन में 1710 लोगों ने उपयोग किया है। इनमें 1113 लोगों ने स्वगणना पूरी कर ली है जबकि 597 लोगों ने प्रक्रिया पूरी नहीं की है। स्वगणना के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित करते हुए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने इसमें सहभागिता की अपील की है। उन्होंने प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बताते हुए डिजिटल पोर्टल पर स्वगणना के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने का आग्रह किया है। नागरिक अपने मोबाइल या कंप्यूटर से जनगणना पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी स्वयं भर सकते हैं। यह समय की बचत करता है और डेटा की सटीकता सुनिश्चित करता है, जो देश के विकास की योजनाएं बनाने में सहायक होगा। स्वगणना प्रक्रिया 30 अप्रैल तक की जा सकती है। 7 दिन में जो आंकड़े सामने आए हैं वह हैरान करने वाले हैं, एक सप्ताह में इतने कम फार्म भरे जाना कई सवाल खड़े कर रहा है, इससे अधिक तो जिले में शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों की संख्या है।

### निगमायुक्त ने की अपील

बता दें कि नवागत निगमायुक्त अक्षत जैन ने बुधवार को प्रभार संभालते ही जनगणना को लेकर आमजन से अपील की है, उन्होंने कहा कि आमजन अपने भवनों की जानकारी के साथ-साथ समस्त जानकारी ऑनलाइन भरकर स्वगणना को पूरा करें। इसके साथ ही उन्होंने निगम के सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वह अपने विभाग के सभी कर्मचारियों को स्वगणना हेतु प्रोत्साहित करें व इनके फार्म भरवाएं। उन्होंने अपील की है कि सभी इस सेवा का उपयोग कर स्वगणना करें।

### आसान 10 स्टेप में घर बैठे करें स्वगणना

1. **पोर्टल लॉगिन:** सबसे पहले वेबसाइट पर जाएं। यहां अपने राज्य मप्र का चयन करें और कैप्चर कोड भरकर लॉगइन करें।
2. **परिवार पंजीकरण:** परिवार के मुखिया का नाम और 10 अंकों का मोबाइल नंबर दर्ज करें। यहां ई-मेल आईडी वैकल्पिक है।
3. **भाषा चयन व ओटीपी:** भाषा चुनें और पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करें। चयनित भाषा को बाद में बदला नहीं जा सकता है।
4. **स्थान का विवरण:** अपने जिले, तहसील, गांव, नगर और वार्ड व मोहल्ला जैसी भौगोलिक जानकारी दर्ज करें।
5. **मानचित्र पर निवास स्थान:** पोर्टल पर दिए गए मानचित्र पर लाल मार्क पॉइंटर को ड्रग करके अपने घर के सटीक स्थान को चिह्नित कर पुष्टि करें।
6. **प्रश्न पूर्ण करना:** मकान सूचीकरण और मकान गणना से संबंधित सभी प्रश्नों के उत्तर सावधानी पूर्वक भरें।
7. **समीक्षा:** फॉर्म सबमिट करने से पहले दर्ज की गई सभी जानकारी की जांच लें। यदि कोई सुधार आवश्यक हो, तो उसे इसी चरण मैं कर लें।
8. **अंतिम प्रस्तुतिकरण:** सबमिट करें बटन पर क्लिक करके अपने डेटा को अंतिम प्रस्तुतिकरण करें। सबमिट करने के बाद डेटा में किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं होगा।
9. **पहचान संख्या:** सफल सबमिशन के बाद 11 अंकों की एक विशिष्ट स्व-गणना पहचान संख्या जनरेट होगी, यह आइडी मोबाइल पर एसएमएस से भेजी जाएगी।
10. **प्रगणक को दिखवाएं:** जब जनगणना प्रगणक आपके घर आएंगे, तो उन्हें अपनी 11 अंकों की स्व-गणना पहचान संख्या दिखवाएं।

## दूषित पानी की सप्लाई नहीं रुकी तो रीवा में भी हो सकता है इंदौर जैसा हादसा

### सहज कंपनी की लापरवाही से वार्ड 16 में बोरवेल से निकल रहा दूषित एवं मलयुक्त पानी



**जागरण रीवा।** शहर के वार्ड 16 में कई बोरवेल अचानक मलयुक्त पानी उगलने लगे हैं। यहां के लगभग दर्जन भर बोरवेल से मलयुक्त एवं बदबूदार पानी निकल रहा है। इससे लोग इतना डर गये है कि उन्हें 3 महीने पहले हुई इंदौर की घटना याद आने लगी है। जहां मलयुक्त पानी पीने से लगभग 3 दर्जन लोगों की असमय मौत हो गई थी। डर के मारे किरायेदारों से घर छोड़कर दूसरे मोहल्लों में चले गये हैं। शहर में लगातार प्रदूषण एवं मलयुक्त पानी की सप्लाई की शिकायतें लगातार मिल रही है। दूषित पानी की सप्लाई अगर नहीं रुकी तो रीवा में भी इंदौर जैसा हादसा कभी भी हो सकता है।

शहर में सीवर लाइन का काम सहज कंपनी कर रही है। लेकिन लापरवाही के कारण शहर के हालात लगातार खराब होते जा रहे हैं। नगर निगम के कई वार्डों में प्रदूषित पानी की सप्लाई लोगों के घरों तक पहुंच रही है। शहर में लगभग दर्जन भर ऐसे वार्ड हैं जहां लगातार लोगों को दूषित एवं मलयुक्त पानी मिल रहा है। वर्तमान में वार्ड 16 में रहने वाले लोग दूषित पानी की सप्लाई से परेशान है। शहर के घनी आबादी वाले मोहल्ले में बोरवेल से मलयुक्त पानी निकल रहा है। यह हालात सीवर लाइन को घरों से कनेक्ट करने के बाद पैदा हुए हैं। इसके चलते इस इलाके में रहने वाले लोग बेहद डरे हुए हैं, कई किराएदार घर को छोड़कर, दूसरी जगह रहने के लिए चले गए हैं। शहर के वार्ड 16 की हालत यह हो गई है कि दूषित पानी से परेशान होकर मोहल्ले में रहने वाले किराएदार यहां से अन्यत्र चले गए हैं। किराएदार तो दूसरे वार्ड में चले गए लेकिन मकान मालिकों की मजबूरी है वह अपना घर छोड़कर कहां जाएं। इस वार्ड की कई इमारतें किराएदारों के चले जाने के बाद सूनी हो गई हैं। शहर के वार्ड 16 के लोगों का कहना है कि पिछले 40 सालों से रहने वाले लोगों के घर में कभी भी बदबूदार पानी नहीं आया था, लेकिन अब ऐसा पानी आ रहा है। गौरतलब है कि इंदौर में लगभग 3 महीने पहले एक ऐसा हादसा हो चुका है। इंदौर के भागीरथ में मल युक्त पानी पीने की वजह से लगभग 3 दर्जन लोग अकाल मौत के मुंह में समा चुके हैं। वार्ड 16 के बोरिंग से एक नहीं, दो नहीं, लगभग आधा दर्जन से ज्यादा बोरिंग पंप में मलयुक्त पानी आ रहा है, जिसके चलते मोहल्लेवासी बेहद परेशान हैं। इस मोहल्ले में किराए से रहने वाले किराएदार मकान छोड़कर दूसरी जगह रहने के लिए चले गए हैं। चार से पांच मंजिला इमारतें जहां कल तक आबाद थीं, अब सन्नाटे में तब्दील हो गई हैं।

### महापौर ने बंद कराया सीवर कनेक्शन का काम

महापौर अजय मिश्रा बाबा इस मामले को लेकर बेहद चिंतित और गुस्से में हैं। उनका कहना है कि गंदे पानी की वजह से किसी को नहीं मरने दूंगा, मैंने सरकार से 20 करोड़ रुपए गंदे पानी के ट्रीटमेंट के लिए मांगे थे, मुझे मिल गए हैं। सीवर लाइन का कनेक्शन बंद करा दिया है, और पानी का काम देखने वाली कई टीमों को सक्रिय किया गया है, नगर निगम की टीम और काम करने वाली कंपनी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है, एक तरफ से पूरे इलाके का निरीक्षण किया जा रहा है कि आखिर गड़बड़ी कहां पर है। महापौर अजय मिश्रा बाबा कहते हैं कि यह योजना कभी सफल नहीं हो सकती। रीवा में 182 करोड़ की लागत से सीवर लाइन का काम चल रहा है, जिसमें लगभग 90 प्रतिशत कम यानी लगभग 165 करोड़ से ज्यादा का काम पूरा हो चुका है।

## रीवा संभाग ई-ऑफिस लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर

**रीवा।** प्रशासनिक नवाचार के तहत ई-ऑफिस व्यवस्था लागू की गई है। अब कार्यालयों के अंदर तथा अन्य कार्यालयों में फाइलों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है। ई-ऑफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करके रीवा संभाग में संभागीय रैंकिंग में अक्टूबर माह से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग में कुल 18628 फाइलें ई-ऑफिस में क्रिएट की गईं तथा 71989 फाइलों का मूवमेंट हुआ। प्रदेश में दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम संभाग है, जिसमें 6073 फाइलों का क्रिएशन तथा 48750 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। तीसरे स्थान पर ग्वालियर संभाग है। इसमें 3112 फाइलों का क्रिएशन तथा 33766 फाइलों का मूवमेंट हुआ है।कमिश्नर ने बताया कि प्रदेश स्तर में संभाग और जिलों की सामूहिक रैंकिंग में सभी जिले और संभाग शामिल किए गए हैं। इनकी कुल संख्या 65 है। इस रैंकिंग में रीवा जिला 15वें स्थान पर है। रीवा जिले में 7348 फाइलें क्रिएट हुई हैं तथा 50951 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। रैंकिंग में सिंगरौली जिला 40वें, मऊगंज जिला 50वें, सतना जिला 47वें, सीधी जिला 42वें तथा मैहर जिला 51वें स्थान पर है। कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को ई-ऑफिस प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने तथा सभी जिला कार्यालयों में इसे दृढ़ता से लागू कराने के निर्देश दिए हैं। ई-ऑफिस के माध्यम से कम श्रम और कम समय में फाइलों का मूवमेंट और निराकरण हो रहा है। यह सुशासन को मजबूत करने के लिए सराहनीय पहल है।

## असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने वीरेंद्र



**रीवा।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस रीवा ग्रामीण के अध्यक्ष पद पर मजदूर नेता वीरेन्द्र प्रताप सिंह की नियुक्ति की है। अपनी नियुक्ति पर श्री सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.उदित राज, कुंवर रणजीत सिंह सत्तावत, जिलाध्यक्ष इन्जी.राजेन्द्र शर्मा, महापौर अजय मिश्रा 'बाबा', संगठन मंत्री रवि तिवारी, शहर अध्यक्ष अशोक पटेल, शहर संगठन महासचिव सज्जन पटेल के प्रति आभार व्यक्त करते कहा है कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उसका निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन करते हुए जिले में संगठन को मजबूती प्रदान करने का प्रयास करूंगा। वीरेन्द्र प्रताप सिंह के जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर जी.पी.त्रिपाठी, रमेश सोनी, विद्याशंकर तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, प्रदीप अवस्थी, हर्षलाल शुक्ला, रामराज तिवारी, छोटेलाल शर्मा, बृजकिशोर शुक्ला, पद्म भूषण द्विवेदी, जगदम्बा प्रसाद, मोहनलाल तिवारी, दिलेर खांन, रमाकांत मिश्रा आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## दिन के साथ रात में भी गर्म हवा कर रही बेचैन

### प्रदेश में पहली बार वॉर्म नाइट का अलर्ट, रीवा में भी आशंका

**जागरण,रीवा।** इस बार गर्मी का असर सिर्फ दिन तक सीमित नहीं है, बल्कि रातें भी तपने लगी हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश में पहली बार वॉर्म नाइट का अलर्ट जारी किया है। शहर में यह हालात देखने को मिल सकते हैं। अभी प्रदेश के 9 जिले में वॉर्म नाइट का अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार, जब रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री ज्यादा हो और दिन का तापमान 40 डिग्री या उससे ऊपर रहे, तो उसे वॉर्म नाइट कहा जाता है। अगर यह अंतर 6.4 डिग्री से ज्यादा हो जाए, तो स्थिति सीवियर वॉर्म नाइट बन जाती है। फिलहाल ऐसी स्थिति नहीं बनी है।

### दिन का पारा फिर 41 पार सड़कों पर पसरा सन्नाटा


गर्मी का असर दिन में साफ नजर आने लगा है। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसर रहा है। शहर का अधिकतम तापमान बुधवार को को सामान्य से 2 डिग्री अधिक 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस रहा। गत 24 घंटे में तापमान में कोई खास वृद्धि तो नहीं हुई लेकिन गर्मी से लोग अब परेशान होने लगे हैं। मौसम विभाग के अनुसार 23 अप्रैल से फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है लेकिन बारिश की संभावना कम है।

### हेल्थ एडवायजरी जारी, लू से करें बचाव

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए लू से बचाव के लिए एडवॉयजरी जारी की है। सिरदर्द, बुखार,उल्टी, अत्यधिक पसीना, बेहोशी, कमजोरी, शरीर में ऐंठन तथा नाड़ी का असामान्य होना आदि लक्षण लू के संकेत हैं। लक्षण दिखाई देने पर प्रभावित व्यक्ति को तुरंत छायादार स्थान पर लिटाएं, कपड़े ढीले करें तथा ठंडे पेय पदार्थ जैसे कच्चे आम का पना आदि पिलाएं। शरीर का तापमान कम करने के लिए ठंडे पानी की पट्टियां रखें तथा तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय परामर्श लें।

## सिर्फ बैठक और प्लान तक कार्रवाई, सड़क जाम कर रहीं बारातें

### होटल, लॉन और बारात घर संचालकों की मनमानी पर रोक नहीं, आवाजाही में बन रही समस्या



**जागरण,रीवा।** शहर में संचालित बारात घर, होटल और लॉन की पार्किंग और बारात मुसीबत बनी हुई है। यहां शहरी क्षेत्र में आने वाली बारातें मुख्य सड़कों पर ही धमाल कर रही है। डीजे और बैंड-बाजे के साथ थिरकते बाराती अपने जश्न में दूसरे के लिए तकलीफ बन रहे हैं। बारात से सड़क पर लगने वाले जाम से आम जनता परेशान है लेकिन प्रशासन सिर्फ बैठकों तक सिमटा है। बारात घर संचालकों पर सख्ती नहीं होने के कारण मनमानी से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक शादी-विवाह के सीजन में बारात घर मैरिज गार्डन की बुकिंग फुल है। शहर के प्रयागराज मार्ग, पड़रा-ढेकहा मार्ग, गुढ़ चौराहा मार्ग, पीटीएस मार्ग सहित अन्य मुख्य मार्गो में संचालित बारात घर लॉन और मैरिज गार्डन में द्वारचार के पहले बारात सड़क पर जश्न मना रही हैं। दूल्हा के साथ बैंड-बाज, डीजे के धुन पर बाराती सड़क में नाच रहे हैं। इस दौरान वह आमजनता की तकलीफों को भूलकर सड़क पर जाम लगा रहे हैं। स्थिति यह है कि सभी मार्ग में बारात लगने के लिए घंटों जाम लगता है। इन मार्गो में अस्पताल आने वाले लोगों को भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिससे शहर की जनता परेशान हो चुकी है।

### बैठक और चेतावनी तक सिमटी कार्रवाई

देव उठनी एकादशी के बाद सड़क पर बारातों से लगने वाले जाम के नगर निगम अधिकारियों व बाद यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बैठक करके बारात घर संचालकों को पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने और सड़क पर जाम नहीं लगाने की हिदायत दी थी और नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद खरमास में शादियों पर ब्रेक लग गया। जब दोबारा मुहुर्त आए तो फिर वहीं स्थिति बन रही है। डीजे पर रोक लगाने के लिए भी दिशा निर्देश दिए गए लेकिन इसका पालन नहीं हो पा रहा है। प्रशासन की बैठकें और समझाइश से कार्रवाई बारात घर संचालकों को मनमानी करने की खुली छूट मिल रही है। जिससे समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। नगर निगम भी अवैध बारात घरों पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं कर पा रहा है, इससे नगर निगम को राजस्व का भी नुकसान हो रहा है।

### नियमों को दरकिनार कर रहे बारात घर संचालक

बारात घर संचालकों के लिए गाइडलाइन जारी की गई है लेकिन यहां जिला मुख्यालय में बारात घर संचालक नियमों को दरकिनार कर रहे हैं। यहां बारात घरों में रात्रि 10 बजे के बाद भी डीजे से शोर किया जा रहा है। जबकि आसपास रहवासी इलाका है। फायर सेफ्टी के इंतजाम नहीं है और ना ही एनओसी है। आपात कालीन स्थिति में निकासी के लिए एक ही द्वार है। इसके अलावा पार्किंग के लिए 25 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित नहीं है। शहर की मुख्य सड़क में पार्किंग कराई जा रही है। सड़क पर वाहनों की लंबी कतार रोजाना लग रही है। सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए है, वहीं कचरा निस्तारण और सफाई के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं है। यहां इस सभी जांचे नहीं की जा रही है।

#### यह नजारा रहता है सड़कों का

- बारात पूरी सड़क को घेरकर चलती है, जिसके कारण आम आदमी को घंटों जाम से गुजरना पड़ता है।
- मैरिज लॉन के बाहर सड़कों तक वाहनों की कतार आवागमन को अवरुद्ध करती है।
- इमर्जेंसी सेवाओं के साथ लोगों की परेशानियों को भी आयोजक नजर अंदाज करते हैं।
- सड़कों पर लापरवाही से चलने, नाचने के कारण हादसों का खतरा बना रहता है।

#### इन गाइडलाइन का पालन जरूरी

● सड़क पर बारात निकालते समय यातायात अवरुद्ध नहीं किया जाएगा। ● मैरिज लॉन के गेट पर कोई भी रस्मे नहीं निभाई जाएगी। ● लॉन संचालक पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। ● लॉन संचालक व संबंधित परिवार अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। ● हाईवे या मुख्य मार्ग पर बारात निकलने के दौरान सड़क घेरकर बारात नहीं गुजरेगी।

## पेट्रोल-डीजल तो नहीं, बढ़ गए सामग्रियों के दाम

### थोक व्यापारियों की मनमानी, छोटे दुकानदारों को नहीं कोई लाभ, जनता की जेब पर डाका



**जागरण, रीवा।** विगत एक अप्रैल को निजी कंपनी शैल इण्डिया व नायरा एनर्जी ने डीजल के दाम में 25 रुपए व पेट्रोल के दामों में 7 रुपए व उससे कुछ अधिक की वृद्धि की है, जबकि सरकारी तेल कंपनियों के दाम इनकी अपेक्षाकृत स्थिर रहे हैं, निजी तेल कंपनियों द्वारा दामों में की गई वृद्धि की आड़ में अन्य सामग्रियों के दाम बढ़ गए हैं, दाम किसके आदेश पर बढ़ाए गए ये कई व्यापारियों को भी ठीक से नहीं पता। डीजल- पेट्रोल के दामों में निजी कंपनियों द्वारा 1 अप्रैल से दाम बढ़ने की सूचना मिलते ही अगले दिन से किराना, कपड़े, रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं सहित अन्य सामग्रियों के दामों में बढ़ोत्री हो गई, बाजार में सामग्री की उपलब्धता भी एकाध दिन बाद ही कम भी हो गई। किराना व्यापारियों से इस संबंध में चर्चा की गई तो व्यापारियों ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया कि दाम तो बढ़े हैं, किसके आदेश से बढ़ाए गए ये नहीं बता सकते, थोक व्यापारी बता सकते हैं। दाल, चावल, तेल, मसाला सहित अन्य सामग्री के दामों में कुछ न कुछ बढ़त की गई है, छोटे दुकानदारों की मानें तो ऐसे समय में थोक व्यापारियों ने सामग्री का स्टॉक जमा कर लिया और बाजार में सप्लाई रोक दी, छोटे दुकानदारों और ग्राहकों को माल आगे से नहीं आ रहा कहकर बाद में स्टॉक की गई पुरानी सामग्री अधिक दामों में बेच दी, ये आज से नहीं हमेशा से हो रहा है। यही स्थिति कपड़ा व्यापारी सहित अन्य व्यापारियों ने भी बताई, लेकिन किस सामग्री में कितने दाम बढ़े हैं ये नहीं बता रहे। व्यापारी भी बढ़े हुए दामों को अलग-अलग बता रहे हैं।

### चुनाव के बाद शासकीय तेल कंपनियों के दामों में वृद्धि का अनुमान

शासकीय तेल कंपनी के डीलरों का अनुमान है कि चुनाव के पश्चात पेट्रोल, डीजल के दामों में वृद्धि हो सकती है, फिलहाल दाम बढ़ने के कोई असार नहीं है। निजी कंपनी की आड़ में थोक दुकानदार छोटे दुकानदारों के साथ ही जनता को भी लूट रहे हैं, जिन पर संबंधित विभागों ने तो दाम बढ़ाए जाने का कारण पता किया, न ही मनमानी वृद्धि करने वाले थोक दुकानदारों पर किसी प्रकार की कार्यवाही की। जनता बढ़े दामों में सामग्री खरीदने को मजबूर है।

# कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजनता को मिलना आवश्यक : दिव्यराज सिंह

## सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह ने की जवा में विभागीय योजनाओं की समीक्षा



**जवा ब्यूरो।** सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह द्वारा जनपद पंचायत जवा स्थित राज पैलेस में सभी विभागों की विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन कर सभी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में मंडल अध्यक्ष जवा अखिलेश सिंह, मंडल अध्यक्ष अतरैला सालिकराम साहू, विधायक प्रतिनिधि आनंद सिंह सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, तहसीलदार जवा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी जनपद पंचायत जवा, एपीओ मनरेगा, बीपीओ जवा, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, नल-जल पीएचई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं पटवारी भी बैठक में सम्मिलित हुए। विधायक ने सीएफटी अंतर्गत ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों से सीधे संवाद करते हुए ग्राम स्तर की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख रूप से हैंडपंप खराब होने, खाद्यान्न संबंधी समस्याएं, विवादित निर्माण कार्यों के लंबित प्रकरण एवं राजस्व विभाग से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए।

### धान उपार्जन की समस्या पर जताई चिंता

इसी क्रम में किसानों से संबंधित मुद्दों पर विशेष ध्यान देते हुए विधायक ने धान उपार्जन में प्रति एकड़ कम धान खरीदी किए जाने की समस्या को गंभीरता से लिया तथा संबंधित अधिकारियों को इस विसंगति का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही गेहूं उपार्जन व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु वर्तमान में संचालित 6 खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाकर न्यूनतम 20 किए जाने के निर्देश भी प्रदान किए। बैठक दोपहर 12:00 बजे प्रारंभ होकर शाम 6:00 बजे तक चली। इस दौरान विधायक दिव्यराज सिंह ने प्रत्येक समस्या की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### योजनाओं का सख्ती से करें क्रियान्वयन

विधायक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ आमजन तक समयबद्ध एवं चरणबद्ध तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा ग्राम स्तर की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया किया जाए। बैठक में अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के प्रति गंभीर रुख अपनाते हुए विधायक ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही समीक्षा के दौरान हल्का पटवारी अंतरैला दहिया के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों एवं क्षेत्रीय असंतोष को ध्यान में रखते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से संबंधित हल्के से हटाकर कार्यालय से संबद्ध किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक का समापन विकास कार्यों में गति, पारदर्शिता एवं जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के संकल्प के साथ हुआ।

# माता पीताम्बरा के नव निर्मित मंदिर का लोकार्पण व प्राण प्रतिष्ठा 24 को

## उप मुख्यमंत्री, सांसद तथा सभी क्षेत्रीय विधायक होंगे शामिल दूर-दूर से पहुंचेंगे संत, देश में दतिया के बाद दूसरा मंदिर



**आंचलिक डेस्क।** माँ भगवती पीताम्बरा शक्ति पीठ पहड़िया द्वारा निर्मित कराए गये माता पीताम्बरा के नव निर्मित मंदिर का लोकार्पण एवं प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 1008 हरि चेतन्य ब्रह्मचारी जी महराज के कर कमलों द्वारा 24 अप्रैल को आयोजित किया जायेगा। यह मंदिर अपने आप में अनोखा है, यह दतिया के बाद देश का दूसरा मंदिर है। कार्यक्रम के आयोजक सुपुत्र पं. बालेन्द्र कुमार शुक्ला पुत्रवधु डॉ. विभा शुक्ला सुपौत्री ऋषिका शुक्ला ने जानकारी देते हुये बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राजेन्द्र शुक्ल उप मुख्यमंत्री म.प्र. शासन तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. रीता बहुगुणा जोशी पूर्व मंत्री एवं सांसद (उ.प्र.) द्वारा की जायेगी जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में राजेन्द्र कुमार कुररिया कुलगुरु अवधेश प्रताप सिंह वि. वि. रीवा, जनार्दन मिश्रा सांसद रीवा, डॉ. राजेश मिश्रा सांसद सीधी आदि लोग मौजूद रहेंगे । इसके साथ ही समस्त क्षेत्रीय विधायकों के अलावा देश के प्रख्यात संत भी मौजूद रहेंगे जिनमें प्रमुख रूप से श्री गुरु देव श्री-श्री 1008 श्री हरि चेतन ब्रह्मचारी परमहंश टीकरमाफी अमेठी, प्रमुख आचार्य अम्बिकेश मिश्रा जबलपुर आचार्य मयंक तिवारी पूज्य पिता श्री मुनि प्रसाद शुक्ला आदि प्रवुद्ध जन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही आयोजकों ने लोगों से कार्यक्रम स्थल में पहुंच कर धार्मिक लाभ लेने तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

## युवा संगम : रोजगार मेले में 52 युवाओं को मिला रोजगार

**मऊगंज।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है। मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में सतपुड़ा आईटीआई मऊगंज में रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले में शामिल 8 कंपनियों ने 52 युवाओं का चयन किया।उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में प्रभा बायोप्लांट्स प्रा. लि. रीवा में 8, कास्ट एनएक्स प्रा. लि. इंदौर में 2, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार (म.प्र.) में 7, एच.डी.एफ.सी. लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी लिमि. रीवा में 6, सीआईआई एमसीसी इंदौर में 20, जेके टायर्स मुरैना में 4, बंसल वायर इन्डस्ट्रीज लि. ग्रेटर नोयडा में 3, तथा एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस रीवा में 2 युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये गये।

## बीट गार्ड्स की लापरवाही से हो रही अवैध तेंदूपत्ता की तोड़ाई

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के हनुमना रेंज अंतर्गत घोघम,पिपराही कैलाशपुर के जंगलों में इन दिनों तेंदूपत्ता तोड़ने लगभग 50 के समूह में महिलाएं प्रतिदिन आ रही हैं। जो जंगलों से हरा पत्ता बोरों में भरकर के अपने-अपने गांव बहुती, टडहर, पतुलखी, खटखरी आदि जगह में स्टॉक जमा कर रहे हैं लेकिन वनरक्षक बीट गार्ड मूक दर्शक बने रहते हैं।

# महिला आरक्षण बिल पर झूठ फैला रही भाजपा सरकार : पं. सुखसागर



## तत्काल बिल को लागू करने रखी मांग

**गोविन्दगढ़ ब्यूरो।** महिला आरक्षण बिल को लेकर देशभर में चल रही राजनीतिक बहस के बीच कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री पं. सुखसागर प्रसाद शुक्ला ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। संवाददाता से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर जनता को गुमराह कर रही है और महिलाओं के वास्तविक सशक्तिकरण की बजाय केवल राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है। पं. शुक्ला ने अपने बयान में कहा कि महिला आरक्षण बिल को लेकर जो जानकारी जनता के बीच प्रस्तुत की जा रही है, वह पूरी तरह स्पष्ट और पारदर्शी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखने के लिए भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिलाओं के अधिकारों और उनकी भागीदारी को बढ़ाने के पक्ष में रही है। महिलाओं को संसद और विधानसभा में उचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए, लेकिन इसके लिए सरकार की नीयत साफ होना जरूरी है, उन्होंने कहा। पं. शुक्ला ने आगे कहा कि यदि सरकार वास्तव में महिलाओं के हित में काम करना चाहती है, तो उसे इस बिल को तत्काल प्रभाव से लागू करना चाहिए और उसमें किसी प्रकार की देरी या शर्तें नहीं जोड़नी चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि सरकार महिला आरक्षण से जुड़े सभी प्रावधानों को स्पष्ट रूप से जनता के सामने रखे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की महिलाओं से अपील की कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी से सतर्क रहें।

# स्व. बाला प्रसाद मिश्र की स्मृति में लगवाया वाटर कूलर

## डिघौल शिवमंदिर परिसर देवतालाब में श्रद्धालुओं के लिए की शीतल पेयजल व्यवस्था



**मऊगंज ब्यूरो।** बालाजी एसोसिएट्स के सदस्यों शांती देवी मिश्रा (पूर्व जनपद सदस्य) अरूण मिश्रा, देवेन्द्र मिश्रा (सचिव), रावेन्द्र मिश्रा व अतुल मिश्रा द्वारा स्व. बाला प्रसाद मिश्र पूर्व सरपंच डिघौल की स्मृति में शिवमंदिर परिसर देवतालाब में श्रद्धालुओं के लिये शीतल पेयजल हेतु वाटर कुलर लगवाया गया। जिसका शुभारंभ शिव मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक व एसडीएम मऊगंज एपी द्विवेदी द्वारा फीता काटकर व शीतल पेय पिलाकर किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सर्किल देवतालाब उमाकांत शर्मा, प्रबंध समिति के सदस्य दीपेश बढ़ौलिया देवतालाब, समाजसेवी शिवपूजन शुक्ला, पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष मऊगंज संतोष मिश्रा, शैलेन्द्र मिश्रा मझिगवां, प्रमोद सिंह तड़ौरा, घनश्याम गिरि सहित कई सामाजिक सदस्यगण आयोजन में शामिल रहे। आयोजन का संचालन अधिवक्ता संतोष मिश्रा द्वारा किया जाकर बालाजी एसोशिएटस के सदस्यों का अभिनंदन एस.डी.एम. मऊगंज एपी द्विवेदी द्वारा किया गया।

# भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में वैज्ञानिक बने सौरभ द्विवेदी

## चंद्रयान-2 के प्रक्षेपण के दौरान वैज्ञानिक बनने का लिया था संकल्प



**आंचलिक डेस्क।** रीवा जिले की तहसील जवा अंतर्गत ग्राम पुरौना निवासी शैलेन्द्र द्विवेदी एवं गीता द्विवेदी के सुपुत्र सौरभ द्विवेदी का चयन भारत की प्रतिष्ठित अंतरिक्ष संस्थान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में सांइटिस्ट पद पर हुआ है। सौरभ द्विवेदी ने अपनी स्कूली शिक्षा शासकीय मार्तण्ड उत्कृष्ट क्रमांक 1 विद्यालय से प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने बी.टेक की शिक्षा यूटीआई राजीव गांधी प्रौद्योगिकी महाविद्यालय भोपाल से तथा एम.टेक की पढ़ाई प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली से पूर्ण की है। उनकी यह सफलता कठिन परिश्रम, लगन, निरंतरता, अनुशासन एवं प्रतिभा का परिणाम है। इस उपलब्धि से परिवार, ग्राम पुरौना, तहसील जवा एवं संपूर्ण रीवा जिले में हर्ष एवं गौरव का वातावरण व्याप्त है। सौरभ द्विवेदी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवारजनों सहित अपने सभी गुरुजनों को दिया, जिनका योगदान उनकी शिक्षा के दौरान अनवरत रहा है। सौरभ ने कहा कि उन्होंने इसरो में वैज्ञानिक बनने का सपना चंद्रयान-2 के प्रक्षेपण के दौरान देखा था जो आज पूरा हो गया है। अब वह इसरो का हिस्सा बनकर देश की प्रौद्योगिकीय प्रगति में अपना योगदान देंगे तथा क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। उनकी इस सफलता पर समस्त क्षेत्रवासियों, मित्रों एवं शुभचिंतकों सहित भाई मयंक द्विवेदी, गौरव मिश्रा, पंकज मिश्रा, आशुतोष तिवारी, मामा सुनील त्रिवेदी एवं जीजा सागर पाण्डेय ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं है।

# राजस्व अमले की संवेदनशीलता और जवाबदेही से ही बनेगी प्रशासन की छवि : कलेक्टर

## समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने की समीक्षा



**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में समय सीमा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने कहा है कि राजस्व से जुड़े मामले सीधे आमजन के जीवन से जुड़े होते हैं, इसलिए राजस्व अधिकारियों की भूमिका केवल प्रशासनिक न होकर संवेदनशील और मानवीय भी होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे राजस्व प्रकरणों के निराकरण में पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ कार्य करें, ताकि आम नागरिकों को समय पर न्यायपूर्ण समाधान मिल सके। कलेक्टर ने समय सीमा बैठक में राजस्व विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे बैठक में पूरी तैयारी और जानकारी के साथ आना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सी.एम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करायें। जल संरक्षण और संवर्धन के लिए 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी इसमें सक्रिय भागीदारी निभाएं। जल संरक्षण और जल संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त करायें। उन्होंने जल जागरुकता के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा अभियान की हर गतिविधि की प्रतिदिन रिपोर्ट पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिये। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जल संरक्षणके अधूरे कार्यों को पूरा कराकर पूर्णता प्रमाण पत्र पोर्टल में अपलोड कराएं। वन मण्डलाधिकारी पौधरोपण की तैयारी के साथ-साथ वन्य जीवों के पेयजल के लिए जल संरचनाओं का निर्माण कराएं।

# ये कैसी अनुकंपा नियुक्ति : ज्वॉइनिंग के समय बदल गया पिता का नाम

**मृतक लाल जी श्रीवास्तव के बेटे पंकज की नियुक्ति का कलेक्टर ने दिया था आदेश, ज्वाइनिंग गोपाल श्रीवास्तव के बेटे को कराया**

**जागरण, मऊगंज।** नवगठित जिला मऊगंज एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार मामला अनुकंपा नियुक्ति और प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर है, जिसमें दस्तावेज़ों के आधार पर गंभीर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। कलेक्टर रीवा द्वारा तत्समय अनुकंपा नियुक्ति आदेश मृतक लालजी श्रीवास्तव के पुत्र पंकज श्रीवास्तव का जारी किया लेकिन कालेज प्रबंधन ने ज्वाइनिंग गोपाल श्रीवास्तव के पुत्र पंकज को कराया। उक्त आरोप अगस्त क्रांति मंच के संयोजक कुंज बिहारी तिवारी ने लगाते हुए आयुक्त रीवा संभाग और संयुक्त संचालक उच्च शिक्षा को शिकायत सौंपते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### नियुक्ति प्रक्रिया पर संदेह

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रयोगशाला परिचारक पद पर पंकज कुमार श्रीवास्तव की नियुक्ति नियमों के विपरीत हुई। उपलब्ध दस्तावेज़ों के अनुसार, नियुक्ति आदेश 14 मई को जारी हुआ और अगले ही दिन 15 मई को ज्वॉइनिंग भी करा दी गई। साथ ही आवेदन पत्र और अन्य अभिलेखों में पिता के नाम को लेकर अलग-अलग जानकारी सामने आने का दावा किया गया है?

### राजस्व और पारिवारिक विवरण में विरोधाभास

आरोप है कि तहसीलदार द्वारा जारी प्रमाण पत्र में पारिवारिक स्थिति का उल्लेख सीमित रूप में किया गया, जबकि अन्य अभिलेखों में अलग स्थिति बताई गई है। इससे दस्तावेज़ों की सत्यता और प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं ?

### भूमि और अभिलेखों पर भी आरोप

शिकायत में यह भी कहा गया है कि संबंधित व्यक्ति द्वारा राजस्व अभिलेखों में हेरफेर कर भूमि अर्जित करने जैसे गंभीर आरोप हैं, जिनकी जांच आवश्यक बताई गई है।

### आंदोलन और गिरफ्तारी से बढ़ा विवाद

मामला तब और तूल पकड़ गया जब इस प्रकरण को लेकर आवाज उठाने वाले कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की गई। दस्तावेज़ों में दर्ज जानकारी के अनुसार, संबंधित प्रकरण में एफआईआर और गिरफ्तारी की कार्रवाई भी सामने आई है।

### सोशल मीडिया पर नियंत्रण के आदेश

जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी के प्रसार को रोकने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए गए हैं।


### प्रशासन पर उठ रहे सवाल

इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह नियमों के अनुरूप हुई? दस्तावेज़ों में विरोधाभास क्यों है? शिकायतों के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

# पंचायत ने नहीं भरा बिजली का बिल

## बिजली नहीं होने से भीषण जलसंकट झेल रही जनता

**गढ़, नि.प्र.।** पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों का सरकारी तंत्र और जनप्रतिनिधियों से विश्वास उठता नजर आ रहा है। संवाददाता को ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत गढ़ जनपद पंचायत गंगेव में एक पूर्व लगभग 40 वर्ष से पानी की टंकी और पेयजल योजना अंतर्गत पानी की सप्लाई होती थी, वर्तमान में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी बनी, पाइप बिछी संबंधित जिम्मेदारों की खातिरदारी, पूजा हुई और जल जीवन मिशन पंचायत को सुपुर्द कर जिम्मेवारी में दे दिया गया किंतु एक महीने से बिजली बिल जमा न होने के कारण 90प्रतिशत लोग पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। गढ़ एक बाजारू पंचायत है जहां प्रतिदिन कई हजारों हजार लोग बाजार, कार्यकाल तथा शासकीय कार्यालय पर आते है, छोटे-छोटे बच्चे पानी के लिए तड़प रहे हैं । लोगों ने संवाददाता को बताया कि आखिर पानी की टंकी का किसी भी सामाजिक संगठन द्वारा क्यों संचालित नहीं किया गया, तापमान 42 से ऊपर दिख रहा है एक 10प्रतिशत लोगों के लिए अवैध कटिया से बिजली फंसा कर लोग चला रहे हैं किंतु कुछ लोगों को ही पानी मिल रहा है। पंचायत में करोड़ों रुपये अन्य कार्यों (जैसे पेवर ब्लॉक) पर खर्च किए गए, लेकिन बिजली बिल जमा न होने से जल जीवन मिशन की योजना ठप पड़ी है। टंकी में पक्षियों की गंदगी (बीट) होने के बावजूद उसे साफ किए बिना सप्लाई की तैयारी, जो बड़ी बीमारी को न्यौता दे सकती है। पंचायत भवन के बाहर बने प्याऊ का खाली रहना केवल शो-पीस बनकर रह गया है। शिकायतों के बावजूद सरपंच और अन्य प्रतिनिधियों का मौन रहना जनता के भरोसे को तोड़ रहा है। जनता सीएम हेल्पलाइन व अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों के पास कई बार फोन पर शिकायत किया किन्तु इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया। गढ़ के लोग समाचार पत्र के माध्यम से प्रदेश के उपमुख्यमंत्री संभागीय आयुक्त जिला कलेक्टर का ध्यान आकर्षित कराया है कि पानी की समस्या से लोगों को निजात दिलाया जाए।



# जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा सौम्या तिवारी ने क्षेत्र का नाम किया रोशन



**सिरमौर, नि.प्र.।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में दसवीं की छात्रा सौम्या तिवारी ने 95.6प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय तथा माता-पिता तथा क्षेत्र का मान बढ़ाया है। छात्रा सौम्या तिवारी के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया है की मेहनत और लगन से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है । छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता नेहा तिवारी, पिता संदीप तिवारी शिक्षक पीएमश्री विद्यालय, गुरुजनों और सतत परिश्रम को देतीं है । सौम्या नवोदय विद्यालय के वरिष्ठ रसायन विज्ञान शिक्षक संदीप तिवारी की पुत्री है। विद्यालय के प्राचार्य मनीष कुमार तिवारी एवं उप- प्राचार्य अजय कुमार सिंह ने सौम्या तिवारी सहित विद्यालय के सभी बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है ।

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में मऊगंज जिला टॉप-05 में

**मऊगंज जागरण।** आमजन की शिकायतों के त्वरित और संतोषजनक निराकरण की दिशा में मऊगंज जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। सीएम हेल्पलाइन के प्रदर्शन के आधार पर सोमवार को जारी प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग में मऊगंज जिले ने द्वितीय समूह के 27 जिलों में टॉप-05 में शामिल होने का स्थान अर्जित किया है। कलेक्टर संजय कुमार जैन के सतत और प्रभावी मॉनिटरिंग के कारण जिले ने गत मार्च माह में प्राप्त कुल 4260 शिकायतों में से 82.45 कुल वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल कर 49.84 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया।

# प्रिंस यादव का सुयश



**गोविन्दगढ़ ब्यूरो।** पुष्पराज हायर सेकेंडरी स्कूल, गोविन्दगढ़ के मेधावी छात्र प्रिंस यादव ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 500 में 460 अंक (92प्रतिशत) हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रिंस ने सभी विषयों में डिस्टिंक्शन लाकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रिंस यादव, पिता महिपाल यादव, की इस शानदार सफलता से परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि मेहनत, लगन और अनुशासन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने प्रिंस को बधाई देते हुए बताया कि वह शुरू से ही पढ़ाई में होनहार रहे हैं और हर विषय में उनकी पकड़ मजबूत रही है। उन्होंने कहा कि प्रिंस की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। प्रिंस ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और समर्थन के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। भविष्य में वह उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जाना चाहते हैं। प्रिंस की इस उपलब्धि से गांव और क्षेत्र में गर्व का माहौल है, वहीं युवा समाजसेवी नेता रामू यादव वह अन्य सामाजिक लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# मां के नाम लगवा ली बगिया, मजदूरों को नहीं दिया एक भी पैसा

## मजदूरी का पैसा गटक गए जिम्मेदार



**त्योंथर ब्यूरो।** मध्यप्रदेश शासन की योजना एक बगिया मां के चयनित हितग्राहियों को बगिया लगाने के बाद समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के बाद भी एक पैसा नहीं मिला, हितग्राही जनपदों के चक्कर काटने को अभी भी मजबूर हैं। हितग्राहियों ने संवाददाता को बताया कि जनपद पंचायत जवा अन्तर्गत संचालित समूह द्वारा शासन की योजना एक बगिया मां के नाम पर चयनित हितग्राहियों को बगिया लगाने के बाद भी एक रुपए का भुगतान आज तक नहीं किया गया, जिससे हितग्राहियों में शासन की योजनाओं के प्रति काफी आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि समाग्री और मजदूरी दोनों में एक पैसा अभी तक नहीं मिला जबकि कर्ज लेकर पौधे और फिनिशिंग का कार्य कराया गया है, बगिया भी लग गई, अधिकारियों ने निरीक्षण भी कर लिया लेकिन भुगतान एक पैसे का नहीं हुआ।

**खाद, दवाई, पानी के बिना सूख रहे पौधे :** हितग्राहियों का कहना है कि फिनिशिंग और पौधे रोप देने से बगिया तैयार नहीं होती, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी बेखबर है आज बगिया में जलकुंड, जैविक खाद हेतु नाडेप, दवा की कोई व्यवस्था नहीं की गई, पहले से कर्जदार लेकर पेड़,तार खंभे लगा चुके हितग्राहियों की बगिया अब सूखने लगी है। शासन और प्रशासन से मांग करते हुए जल्द भुगतान और बगिया के अन्य व्यवस्था की मांग की गई है।

### लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को

**रीवा।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा- 2026 आगामी 26 अप्रैल को रीवा शहर के 12 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी।

### दिव्यांग मेडिकल बोर्ड आज आयोजित नहीं होगा

**रीवा।** जिला पुर्नवास केन्द्र में प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले दिव्यांग मेडिकल बोर्ड के आयोजन के क्रम में 24 अप्रैल को होने वाला मेडिकल बोर्ड आयोजित नहीं होगा। सचिव रेडक्रास सोसायटी ने बताया कि 8 मई को दिव्यांग मेडिकल बोर्ड यथावत आयोजित होगा।




# 1 करोड़ रुपए के अवैध गांजा और स्मैक को पुलिस ने कराया नष्ट

## प्रिज्म फैक्ट्री में की गई विनष्टीकरण की कार्रवाई



जागरण, रीवा

रीवा संभाग में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की गई कार्रवाई में जब्त गांजा और स्मैक का बुधवार को विनिष्टीकरण किया गया। करीब एक करोड़ रुपए के गांजा और स्मैक को पुलिस अधिकारियों ने प्रिज्म फैक्ट्री में नष्ट कराया गया है। आईजी गौरव सिंह राजपूत के निर्देशन यह कार्रवाई की गई। सतना स्थित प्रिज्म फैक्ट्री परिसर में जब्त किए गए अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं स्मैक का विधिवत विनष्टीकरण (नष्टिकरण) किया गया। उक्त विनष्टीकरण कार्यवाही के अंतर्गत सीधी, सतना, सिंगरौली, रीवा एवं मऊगंज जिलों में 84 प्रकरणों में जब्त किए गए कुल 10 क्विंटल 18 किलोग्राम अवैध गांजा एवं 20 ग्राम स्मैक, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 1 करोड़ रुपये है, को नियमानुसार नष्ट किया गया। कार्यवाही शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों एवं न्यायालयीन दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गई। विनष्टीकरण प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा एवं पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा गया। इस दौरान डीआईजी रीवा हेमंत सिंह चौहान पुलिस अधीक्षक रीवा शैलेंद्र सिंह चौहान, पुलिस अधीक्षक सतना हंसराज सिंह सहित संबंधित जिलों के राजपत्रित अधिकारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।




# चोरी गई पल्सर बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, रीवा।** शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पीके स्कूल के पीछे से चोरी गई पल्सर बाइक को पुलिस ने बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। अमहिया पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बाइक चोरी की शिकायत अनुज सिंह निवासी द्वारिका नगर ने अमहिया थाना में दर्ज कराई थी। पी.के. स्कूल के पीछे से उनकी मोटरसाइकिल बजाज पल्सर को 14 अप्रैल को अज्ञात चोर चुरा ले गया था। शिकायत के बाद पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू की जिसके बाद आरोपी मोहित सोधिया पिता जगदीश सोधिया 18 वर्ष निवासी कटरा मोहल्ला पुलिस के हाथ लगा जिसके कब्जे से चोरी की गई पल्सर बाइक बरामद की गयी है। आरोपी को गिरफ्तार कर अमहिया पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है।

# पेड़ काटने के विवाद में चाकू से वृद्ध की हत्या का आरोपी पकड़ाया

## नौवस्ता में सामने आई थी वारदात, चोरहटा पुलिस कर रही थी आरोपी की तलाश






**जागरण, रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र के नौवस्ता में 19 अप्रैल की सुबह एक आरोपी ने 62 साल के वृद्ध की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई थी। आरोपी के खिलाफ मृतक ने चंदन पेड़ की चोरी करने की शिकायत नौवस्ता चौकी में पूर्व में दर्ज कराई थी, जिसके बाद से उनके बीच विवाद चल रहा था। घटना के बाद से आरोपी फरार था, जिसकी तलाश में चोरहटा और नौवस्ता चौकी पुलिस लगी हुई थी। बुधवार को आरोपी पुलिस के हाथ लग गया जिसे गिरफ्तार किया गया है। घटना के संबंध में चोरहटा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इस घटना उमाकांत मिश्रा की मौत हो गई थी जबकि चाकू से वार कर हत्या करने वाले आरोपी राहुल पाठक को अब पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चोरहटा थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने बताया कि फरियादी अरुण कुमार मिश्रा पिता स्व. रामराज मिश्रा ने घटना की सूचना दी थी। पीड़ित ने बताया था कि 19 अप्रैल की सुबह करीब 08.20 बजे आरोपी राहुल पाठक पिता रामनारायण पाठक निवासी नौवस्ता का उसके परिवार से पूर्व में लकड़ी काटने के विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर आरोपी राहुल ने शिवम गुप्ता की किराना दुकान के सामने ग्राम नौवस्ता में उमाकांत मिश्रा का रास्ता रोककर जान से मारने की नीयत से चाकू से पेट एवं पीठ में कई बार वार किये जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई थीं। घायल को संजय गाँधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उमाकांत मिश्रा की मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी राहुल पाठक के विरुद्ध हत्या का मामला पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया। घटना के बाद से आरोपी राहुल पाठक फरार था जिसकी सक्रियता के साथ तलाश करते हुये पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस आज न्यायालय में पेश करेगी।




# रीवा से ब्योहारी जा रही स्कॉर्पियो में भड़की आग



स्कार्पियो सहित सामान जला, बालं-बाल बचे सवार

**जागरण, रीवा।** सड़क पर दौड़ रही स्कॉर्पियो में अचानक आग लग गई। वाहन सवार रीवा से ब्योहारी जा रहे थे। आगजनी से स्कॉर्पियो व उसमे लोड सामान जलकर खाक हो गया। घटना शहडोल जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह हुई। बताया जा रहा है कि चलती स्कॉर्पियो में अचानक से आग लग गई। वाहन में एक ही परिवार के लोग सवार थे जो रीवा से ब्योहारी के लिए निकले थे। हालांकि परिवार के सभी सदस्य समय रहते वाहन से बाहर निकल आए जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। बताया गया की वाहन जैसे ही देवलौंद नगर पहुंचा तभी गाड़ी के अंदर से अचानक से धुआं भरने लगा, ऐसे में स्थिति को भांपते हुए वाहन में सवार रोहणी प्रसाद गुप्ता ने तुरंत गाड़ी सड़क के किनारे रोकी और परिवार सहित बाहर निकल आए, वहीं कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी स्कॉर्पियो को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। बताया गया कि वाहन में आग इतनी तेजी के साथ फैली कि पीड़ित परिवार को वाहन में रखे सामान तक निकालने की मोहलत नहीं मिली और देखते ही देखते वाहन के साथ-साथ उसमें रखा सामान भी जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना सूचना दमकल विभाग को दी गई, जहां मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो चुका था। फिलहाल स्कॉर्पियो में आग किन कारणों से लगी, इसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।










# जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर 5769.35 मीट्रिक टन हुई गेहूं की खरीद

## कलेक्टर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से उपार्जन की समीक्षा की



**जागरण, रीवा।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। अब तक 1904 किसानों से 5769.35 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपार्जन कार्य की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों का सतत निरीक्षण व निगरानी करें। उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि दिशा निर्देशानुसार निर्धारित गेहूं की मात्रा बोरे में भरी जाय तथा गुणवत्ता पूर्ण गेहूं का उपार्जन किया जाय। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिये कि सीमावर्ती राज्य से किसी भी स्थिति में उपार्जन के लिए गेहूं की आवक न हो इस पर कड़ी निगरानी रखी जाय। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में बारदाने, तौल कांटे, सिलाई मशीन, कम्प्यूटर इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण, उपज की साफ-सफाई के लिए पंखा, छन्ना तथा किसानों के लिए स्वच्छ पेयजल एवं छाया की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने उपार्जित गेहूं के समुचित भण्डारण व परिवहन के भी निर्देश वीडियो कान्फ्रेंसिंग में दिये। कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम सहित राजस्व विभाग का अमला व उपार्जन कार्य में संलग्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी पूरी सजगकता के साथ उपार्जन कार्य संपादित करायें। जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि गेहूं उपार्जन के लिए अब तक 12616 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं।सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दिए गए हैं। जिले में 76 खरीदी केन्द्रों में गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है।










### सम्मान केवल एक रस्म नहीं संस्कार है: विजय मोहन



**रीवा।** परशुराम जयंती के अवसर पर स्वामी विवेकानंद पार्क से शोभायात्रा निकालने पश्चात संत-महात्माओं एवं विशिष्टजनों का सम्मान किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय मोहन तिवारी ने संतजनों से चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री तिवारी ने कहा कि सम्मान केवल एक रस्म नहीं, एक संस्कार है। आयोजन में जिला अध्यक्ष पंडित दलवीर द्विवेदी, पंडित रमेश द्विवेदी, पूनम मिश्रा, डॉ. सविता मिश्रा सुनीति व्यास प्रभास शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस आयोजन ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि हमारी संस्कृति वह है, जहाँ संत को देवता से भी अधिक सम्मान दिया जाता है। जहाँ विशिष्टजन केवल प्रतीक नहीं, बल्कि प्रेरणा होते हैं। न केवल परशुराम की जयंती मनाई गई- आज उस परंपरा को प्रणाम किया गया, जिसने हमें यह सिखाया कि सम्मान ही संस्कार है, और संस्कार ही समाज है।










जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com